भारत सरकार

खान मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 63

17 जुलाई, 2017 को उत्तर के लिए

नीलामी योग्य खनिज संसाधन

63. डा॰ आर॰ लक्ष्मणनः

क्या **खान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण नीति (एनएमईपी) की घोषणा के बाद से अभी तक नीलामी योग्य किसी खनिज संसाधन/ब्लॉक की खोज की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) देश भर में अभिज्ञात ब्लॉक/क्षेत्रों में अन्वेषण करने के काम में लगी गैर-सरकारी एजेंसियों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

खान, विद्युत, कोयला एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री पीयूष गोयल)

(क) एवं (ख) : राष्ट्रीय खनिज गवेषण नीति, 2016 की घोषणा के पश्चात, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई), खान मंत्रालय का एक संबद्ध कार्यालय, ने क्षेत्रीय गवेषण के लिए 100 संभावित खनिज ब्लॉकों का पता लगाया है । इन 100 ब्लॉकों में से जीएसआई तथा मिनरल एक्सप्लोरेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (एमईसीएल), खान मंत्रालय के अधीन एक सार्वजनिक उपक्रम को प्रत्येक को 30 ब्लॉक आवंटित किए गए हैं, 19 ब्लॉक केंद्रीय तथा राज्य सार्वजनिक उपक्रमों (पीएसयू) को आवंटित किए गए हैं तथा शेष 21 ब्लॉक, गवेषण संविदागत कार्यढ़ांचे के तहत नियोजित की जाने वाली निजी कंपनियों द्वारा गवेषण हेतु निर्धारित किए गए हैं । खनिजों की खोज के लिए ये परियोजनाएं प्रगति के विभिन्न चरणों में हैं ।

(ग) : राष्ट्रीय खनिज गवेषण न्यास (एनएमईटी) ने गवेषण सेवाएं प्रदान करने हेतु निम्नलिखित निजी गवेषण एजेंसियों का पैनल बनाया है :

1. मैसर्स डीएमटी कंसल्टिंग प्रा. लि., कोलकाता
2. मैसर्स बेनिता इंडस्ट्रीज लि., हैदराबाद
3. मैसर्स जियोवेल सर्विस, कोलकाता
4. मैसर्स मिनरल प्रोजेक्ट्स कंसल्टिंग इंजीनियर एलएलपी, कोलकाता
5. मैसर्स जियो-कंसल्टेंट्स प्रा. लि., भुवनेश्वर
6. मैसर्स ऐस्सल माइनिंग एंड इंडस्ट्रीज लि., कोलकाता
7. मैसर्स बेडरॉक मिनरल रिसोर्स कंसल्टिंग, दुबई, संयुक्त अरब अमीरात
8. मैसर्स अजीरा माइनिंग प्रा. लि., जयपुर
9. मैसर्स वेदांता लि., गुरूग्राम
10. मैसर्स रामगढ़ मिनरल एंड माइनिंग लि., हॉस्पेट
11. मैसर्स एसआरके माइनिंग सर्विसेज (इंडिया) प्रा. लि., कोलकाता
12. मैसर्स मिडवेस्ट ग्रेनाइट प्रा. लि., हैदराबाद
13. मैसर्स एमडब्ल्यू माइंस प्रा. लि., नई दिल्ली ।

****